**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 10.11.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

1. वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने नई दिल्ली में प्रमुख अर्थशास्त्रियों की पहली बजट–पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की।
2. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में डी पी एस यू भवन का उद्‌घाटन किया।
3. सरकारी स्वामित्व वाले वाहनों सहित प्रत्येक मोटर वाहन के लिए वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र रखना अनिवार्य है।
4. खेल विभाग के सहायक सचिव की अध्यक्षता में अंडमान मैराथन के लिए बैठक का आयोजन।

<><><><><><><>

वित्त मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया है कि केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज नई दिल्ली में आगामी केंद्रीय बजट 2026–27 के लिए देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों की पहली बजट–पूर्व बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामले विभाग के सचिव, केन्द्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार और आर्थिक मामलों के विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में अत्याधुनिक सुविधायुक्त रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों–डीपीएसयू भवन का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने 16 रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों की वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम में एच.ए.एल. के नए अनुसंधान और विकास मैनुअल और डीपीएसयू में नवीकरणीय ऊर्जा पहलों पर प्रकाश डालने वाली एक रिपोर्ट 'स्वयं' का भी विमोचन किया गया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी ने कार्यकारी अभियंता, जिला विद्युत प्राधिकरण और अन्य इंजीनियरिंग अधिकारियों के साथ हाल ही में स्वराज द्वीप का आधिकारिक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और जिला परिषद के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन का आकलन किया। अध्यक्ष ने जिला परिषद क्षेत्र के अंतर्गत चल रही सड़कों और सामुदायिक सुविधाओं सहित प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजनाओं को समय पर पूरा करने और गुणवत्ता मानकों के पालन के महत्व पर जोर दिया। इस दौरे के दौरान, उन्होंने स्थानीय पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों, विभिन्न विकास विभागों के प्रतिनिधियों और गोविंदनगर ग्राम पंचायत के निवासियों से बातचीत की और नागरिक सुविधाओं और सार्वजनिक सेवा वितरण से संबंधित मुद्दों पर प्रतिक्रिया प्राप्त की। द्वीप से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की गई, जिनमें सड़क अवसंरचना में सुधार, क्षेत्र में यातायात की भीड़भाड़ को कम करने के लिए घाट के पास सड़क का चौड़ा करना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने प्रतीक्षालय का निर्माण और गोविंदनगर स्थित स्कूल, ज़ेड पी एस ए की बंद पड़ी जल परियोजना का पुनरुद्धार शामिल थे। अध्यक्ष ने प्रतिभागियों को आश्वासन दिया कि इन मामलों की विधिवत जाँच की जाएगी। यह दौरा द्वीपसमूह में समान विकास और बेहतर सेवा प्रदान सुनिश्चित करने के लिए दक्षिण अंडमान जिला परिषद की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

<><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज कहा कि जैव प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला अनुसंधान से आगे बढ़कर स्वास्थ्य सेवा, कृषि और उद्योग जैसे क्षेत्रों में वास्तविक समाधान प्रदान करने लगी है। डॉ. सिंह ने नई दिल्ली में जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान एवं नवाचार परिषद–ब्रिक के स्थापना दिवस समारोह में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत सरकारी और निजी क्षेत्रों के प्रयासों से जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक वैश्विक अग्रणी के रूप में स्थापित हो रहा है। केन्द्रीय मंत्री ने ब्रिक–बीआईआरएसी एंटरप्रेन्योर–इन–रेजिडेंस कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जो युवा नवप्रवर्तकों को अत्याधुनिक जैव प्रौद्योगिकी विचारों को सफल उद्यमों में बदलने के लिए सशक्त बनाता है।

<><><><><><><>

परिवहन विभाग की ओर से केंद्रीय मोटर वाहन नियम, उन्नीस सौ उनासी के नियम के प्रावधानों के अनुसार, सरकारी स्वामित्व वाले वाहनों सहित प्रत्येक मोटर वाहन के लिए एक वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र रखना अनिवार्य है। PUC प्रमाणपत्र यह प्रमाणित करता है कि वाहन का उत्सर्जन कानून द्वारा निर्धारित अनुमेय सीमा के भीतर है। वैध PUC प्रमाणपत्र का होना एक वैधानिक आवश्यकता है और वाहन प्रदूषण में कमी और पर्यावरण गुणवत्ता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक आवश्यक उपाय है। सरकारी विभागों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित सभी वाहन मालिकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है कि उनके वाहनों का अधिकृत PUC परीक्षण केंद्रों पर नियमित रूप से उत्सर्जन परीक्षण किया जाए और वैध प्रमाणपत्रों को हर समय बनाए रखा जाए। वैध PUC प्रमाणपत्र के बिना वाहन चलाना मोटर वाहन अधिनियम, उन्नीस सौ अठासी की

धारा एक सौ नब्बे– दो के तहत उल्लंघन माना जाता है और इसके लिए निर्धारित दंड का प्रावधान है। आम जनता और सभी सरकारी विभागों को सूचित किया जाता है कि वे वायु प्रदूषण को कम करने और द्वीपों में स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने में मदद के लिए अनुपालन सुनिश्चित करें।

<><><><><><><><><>

पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें अण्डमान तथा निकोबार पुलिस के विभिन्न इकाइयों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्घाटन भारतीय पुलिस सेना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश देव ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दी हमारी राजभाषा है तथा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को इस कार्यशाला का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने अण्डमान तथा निकोबार पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों को हिन्दी का प्रयोग अपने दैनिक कार्यों के निपटान में अधिक से अधिक करके पुलिस विभाग को मिसाल बनाने की अपील की तथा उनका मार्गदर्शन किया। इस कार्यशाला में अण्डमान तथा निकोबार के पुलिस विभाग के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी मोहन दास ने कर्मचारियों को राजभाषा के नियम, नीति, अनुदेशों से अवगत कराया और अधिक से अधिक शासकीय कार्यों को हिन्दी में करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम का संचालन विभाग के हिन्दी इकाई की प्रभारी शिल्पी सिंघा ने किया।

<><><><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन खेल विभाग के सहायक सचिव की अध्यक्षता में कल शाम चार बजे सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में अंडमान मैराथन के विषय पर चर्चा की जाएगी। सभी संबंधितों को बैठक में भाग लेने का आग्रह किया गया है।

<><><><><><><><><>

इंडियन रिजर्व बटालियन की ओर से पुलिस सॉकर लीग का उद्घाटन आज शाम पांच बजे किया गया। इस पुलिस सॉकर लीग का उद्घाटन आई पी एस गीता रानी ने किया। इस लीग से जुड़े सभी खेल पोर्ट मोर्ट स्थित आई आर बी एन के खेल मैदान में किया जाएगा। लीग का उद्देश्य जनता और पुलिस के बीच के संबंध को मजबूत करना और शारीरिक फिटनस को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><><><>

वर्ष दो हजार पच्चीस छब्बीस सी बी सी एस नवम्बर और दिस्मबर के पूर्व छात्रों के लिए अस्थायी परीक्षा सूची जारी की गई है। परीक्षा सत्रह नवम्बर को आयोजित होगी, सभी संबंधित छात्र अपने प्रवेश पत्र जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के परीक्षा विंग से प्राप्त कर सकते है।

<><><><><><><><><>

केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल की ओर से ग्यारह और बारह नवम्बर को वार्षिक रेंज फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास प्रातरापुर के पुलिस प्रशिक्षण संस्थान में सुबह छ बजे से शाम चार बजे तक चलेगी। लोगों को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं को और अपने मवेशियों को इस क्षेत्र से दूर रखे।

<><><><><><><><><>